प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

30 नवंबर 2024

**आरबीआई@90 चंडीगढ़ में 51वीं अखिल भारतीय अंतर संस्थागत टेबल टेनिस टूर्नामेंट**

राष्ट्र के प्रति अपनी सेवा के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 24-29 नवंबर 2024 के दौरान चंडीगढ़ में आरबीआई@90 51वें अखिल भारतीय अंतर संस्थागत टेबल टेनिस टूर्नामेंट की मेजबानी की। इस टूर्नामेंट का आयोजन टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया था। यह टूर्नामेंट 7 प्रारूपों में खेला गया: पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल, मिश्रित युगल, पुरुष टीम और महिला टीम। टीम चैंपियनशिप इवेंट में 13 प्रतिष्ठित संस्थानों की टीमों ने भाग लिया, जिनमें शामिल हैं: भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (पीएसपीबी), रेलवे खेलकुद संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई), परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई), भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग (आईए&एडी), केनरा बैंक, बीएसएनएल, रक्षा लेखा खेल नियंत्रण बोर्ड, कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी), भारतीय खाद्य निगम (एफ़सीआई), वायु सेना और केंद्रीय राजस्व खेल बोर्ड। व्यक्तिगत चैंपियनशिप में, ओलंपियन सहित अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अनुभव रखने वाले कुल 330 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस आयोजन की शुरुआत 23 नवंबर 2024 को उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जिसमें टीमों का परिचय और ट्रॉफी का अनावरण भी किया गया। टूर्नामेंट की टीम चैंपियनशिप का फाइनल 26 नवंबर 2024 को खेला गया। पुरुषों की टीम चैंपियनशिप में, रेलवे खेलकुद संवर्धन बोर्ड, पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (3-1) को हराकर विजेता बनी। महिलाओं की टीम चैंपियनशिप में, पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, रेलवे खेलकुद संवर्धन बोर्ड (3-1) को हराकर विजेता बनी।

व्यक्तिगत चैंपियनशिप इवेंट गैर-संस्थागत खिलाड़ियों सहित सभी खिलाड़ियों के लिए खुली थीं। व्यक्तिगत चैंपियनशिप का फाइनल मैच 29 नवंबर 2024 को खेला गया। फाइनल मैचों के परिणाम निम्नानुसार हैं:

- पुरुष एकल: जी. साथियान (पीएसपीबी) ने मानव ठक्कर (पीएसपीबी) को 4-3 से हराया,
- महिला एकल: स्वास्तिका घोष (एएआई) ने श्रीजा अकुला (आरबीआई) को 4-2 से हराया,
- पुरुष युगल: आकाश पाल/रोनित भांजा (आरएसपीबी) ने सौम्यजीत घोष/सनिल शेट्टी (पीएसपीबी) को 3-2 से हराया,
- महिला युगल: जेनिफर वर्गीज/तनीषा कोटेचा (महाराष्ट्र) ने स्वास्तिका घोष/ओशिकी जोआरदार (एएआई) को 3-0 से हराया,

- मिश्रित युगल: दीया चितले/मानुष शाह (आरबीआई) ने यशस्विनी घोरपड़े/हरमित देसाई (पीएसपीबी) को 3-1 से हराया।

श्री टी. रबी शंकर, उप गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक ने 29 नवंबर 2024 की शाम को आयोजित एक शानदार समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट के प्रमुख मैचों का भारतीय रिज़र्व बैंक के यूट्यूब चैनल पर सीधा प्रसारण किया गया।

**(पुनीत पंचोली)**

**प्रेस प्रकाशनी: 2024-2025/1620** मुख्य महाप्रबंधक